मैया तेरे चरणों की धूल

मैया तेरे चरणों की,
पग धूल जो मिल जाए,
सच कहती हूँ मैया,
तकदीर बदल जाए
मैया तेरे चरणों की.....

सुनती हु माँ की किरपा,
दिन रात बरसती है,
थोड़ी सी जो मिल जाए,
एक बूँद जो मिल जाए,
मन की कली खिल जाए,
मैया तेरे चरणों की.....

ये मन बड़ा चंचल है,
कैसे तेरा भजन करूँ,
जितना इसे समझाउँ,
उतना ही मचल जाए,
मैया तेरे चरणों की.....

नज़रों से गिराना ना,
चाहे जितनी सज़ा देना,
नज़रों से जो गिर जाए,
मुश्किल ही सम्भल पाए,
मैया तेरे चरणों की.....

मैया इस जीवन में,
बस एक तमन्ना है,
तुम सामने हो मेरे,
मेरा दम ही निकल जाए,
मैया तेरे चरणों की,
पग धूल जो मिल जाए......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24819/title/mayia-tere-charno-ki-dhool

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |